## खबर संक्षेप



### अतिक्रमण हटाकर निर्धारित रूप से मार्ग बनाने की मांग

**सिलौंडी।** रविवार को सिलौंडी में कलेक्टर अवि प्रसाद का आगमन हुआ । कलेक्टर ने कस्तूरबा गांधी की लाइब्रेरी का निरीक्षण किया एवं छात्रों से पढ़ाई के बारे चर्चा की। इसके बाद सभी के साथ भोजन भी किया । कलेक्टर अवि प्रसाद ने श्री बालाजी मंदिर का दर्शन किया । सरपंच पंचो संतोष कुमार ने सिलौंडी मुख्य मार्ग को निर्धारित चौड़ाई के साथ बनाने हेतु पत्र सौंपा । ग्राम के कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष रवि अवस्थी ,सागर मिश्रा ने भी सिलौंडी गल्ला बाजार से बस स्टैंड तक का अतिक्रमण हटाकर पूरा मार्ग चौड़ाई के साथ बनाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है । मंडल अध्यक्ष प्रशान्त राय ने कलेक्टर महोदय से नेगाई पुल को पुनः अच्छी ऊंचाई के साथ बनाने की मांग की है । एवं लालपुर संगमा पुल बनाने की है । इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय ,मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशान्त राय , सरपंच पंचो संतोष कुमार ,पूर्व मंडल अध्यक्ष किशन राय ,जिला सी ओ शिरीर गेवागत ,sdm ,नायब तहसीलदार सहित अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति रही है ।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक आज

**कटनी।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 8 जनवरी 2024 सोमवार को आयोजित होगी। यह बैठक दोपहर 12.30 बजे से कालेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में सांसद संसदीय क्षेत्र खजुराहो बी.डी. शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा, जिला खनिज एवं प्रतिष्ठा मद (डीएमएफ मद), शिक्षा विभाग अंतर्गत मिशन-45 एवं मिशन-30, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण),महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम (मनरेगा), जल जीवन मिशन,उपार्जन से संबंधित बिंदुओं, जिले अंतर्गत किए जा रहे बड़े निर्माण कार्यों सहित प्रधानमंत्री जनमन योजना आदि एजेण्डानुसार चर्चा व समीक्षा की जायेगी। कलेक्टर अवि प्रसाद ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों एवं अन्य विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति के साथ इस बैठक में अनिवार्य रुप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### प्रोजेक्ट पंख के द्वितीय बैच का शुभारंभ आज

**कटनी।** ड्रोन, यूएव्ही तकनीक के क्षेत्र में ज़िले के युवाओं को प्रशिक्षित कर तकनीक की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु ज़िले के नवाचार प्रोजेक्ट पंख के द्वितीय बैच का शुभारंभ सोमवार 8 जनवरी को दोपहर 2 बजे से विष्णुदत्त शर्मा, सांसद खजुराहो के मुख्य आतिथ्य में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज कटनी में किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येंद्र पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पांडे एवं विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, नगरनिगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी की मौजूदगी रहेगी।

### विषाक्त वस्तु खाने से किशोरी की मौत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी सपना कोल 15 साल ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भनपुरा नंबर 1 में नाबालिग की हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

# गलत मंसूबे को अंजाम देने के बाद गला दबाकर बालक को उतारा था मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



माधव नगर थाना क्षेत्र के ग्राम भनपुरा नंबर 1 में हुए जघन्य हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने प्रेस वार्ता के दौरान जघन्य हत्याकांड का खुलासा किया।

पुलिस कप्तान ने बताया कि 4 जनवरी की सुबह 10 बजे ग्राम भनपुरा नंबर एक निवासी 11 वर्षीय बालक गांव में खेलने के लिए गया था, लेकिन वह शाम तक घर वापस नहीं लौटा। उसकी काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कहीं सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बच्चे की गुमशुदगी दर्ज करते हुए उसकी तलाश प्रारंभ की। बच्चे की तलाश करते हुए पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई की बच्चा गांव में ही रहने वाले राहुल कोरी की मोटरसाइकिल में बैठकर नदी की तरफ अंतिम बार जाते हुए देखा गया था। जांच कार्यवाही के दौरान लापता 11 वर्षीय बच्चे का शव रमेश कुशवाहा के खेत के समीप सिमरार नदी के किनारे एक गड्ढे में दफन पाया गया। संदेह के आधार पर जब राहुल कोरी को हिरासत में लेकर जब उससे पूछताछ की गई तो उसने पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया।

पुलिसिया पूछताछ के दौरान राहुल कोरी ने बताया कि 4 जनवरी की दोपहर लगभग 1 बजे वह गुम बालक व उसके एक अन्य साथी बालक को अपनी मोटरसाइकिल में बैठाकर अपने खेत लाया था। खेत में बनी झोपड़ी में दोनों बालक उसके मोबाइल से खेल रहे थे। कुछ देर बाद जब 11 वर्षीय बालक सौंच के लिए नदी के किनारे गया तो वहां पर पहले से मौजूद राहुल ने गुम हुए बालक के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाया। उक्त अप्राकृतिक घटना से घबराये बालक ने जब घटनाक्रम के बारे में घरवालों से बताने की बात कही तो आरोपी घबरा गया और उसने भय वश बालक की गला, मुंह और नाक दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शव को खेत के पास ही एक गड्ढे में दफन कर दिया।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

अंधे हत्याकांड का खुलासा करने में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ख्याती मिश्रा तथा माधव नगर थाना प्रभारी मनोज गुप्ता के मार्गदर्शन में निवार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गणेश विश्वकर्मा, सहायक उप निरीक्षक कमलेश्वर शुक्ल, प्रधान आरक्षक गौरव, आशीष दुबे, अविनाश मिश्रा, आरक्षक अरविंद, वकील एवं मनी के द्वारा सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करने में सफलता हासिल की गई।



# हितग्राहियों से संवाद कर जानी उनकी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन पर रविवार को प्रधानमंत्री जन मन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के तहत बैगा समुदाय के हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने के लिए ग्राम मारसिहुडडी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कलेक्टर ने शिविर का निरीक्षण किया तथा बैगा जनजाति के हितग्राहियों से चर्चा कर उन्हे शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली और निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। रविवार को आयोजित शिविर के दौरान आधार कार्ड 10, आयुष्मान कार्ड 16, जन धन योजना के तहत 58 खाते खोले गए । इस दौरान उज्जवला योजना के भी आवेदन लिए गए। इसी प्रकार जाति प्रमाण पत्र के आवेदन भी हितग्राहियों से भरवाए गए ।

शिविर के दौरान जिपं सीईओ शिशिर गेमावत, प्रशांत राय सदस्य जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ढीमरखेड़ा, डा. पूजा द्विवेदी जिला संयोजक जन जातीय कार्य विभाग कटनी, ब्लाक मेडिकल ऑफिसर ढीमरखेड़ा, कार्यपालन आदि उपस्थित रहे।

**जीआरपी द्वारा चलाया जा रहा रेल सुरक्षा सप्ताह**

# रेल यात्रियों सहित जीआरपी, आरपीएफ के जवानों का किया गया हेल्थ चेकअप




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जीआरपी द्वारा रेल सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत यात्रियों को जागरूक करने के लिए जीआरपी कटनी के द्वारा विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत शासकीय जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने रेल यात्रियों के अलावा जीआरपी एवं आरपीएफ के जवानों व रेल रक्षा समिति के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वहाने ने बताया कि रेल पुलिस मुख्यालय द्वारा प्राप्त निर्देशों के आधार पर रेल पुलिस अधीक्षक सिमाला प्रसाद के मार्गदर्शन में आज कटनी रेलवे स्टेशन पर रेल यात्री सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान शासकीय जिला अस्पताल कटनी के चिकित्सक डॉक्टर परितोष सोनी एवं डॉक्टर पीसी ताम्रकार के द्वारा आने जाने वाले यात्रियों एवं आरपीएफ व जीआरपी के जवानों के अलावा रेल रक्षा समिति के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों के द्वारा सभी का हेल्थ चेकअप करते हुए उन्हें बेहतर परामर्श प्रदान किया गया। मुख्यालय द्वारा प्राप्त निर्देशों के आधार पर रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं सेहत को ध्यान में रखते हुए आयोजन किया जा रहे हैं आयोजनों का सिलसिला आगामी दिनों में जारी रहेगा।

## विभागवार स्टाल एवं प्रदर्शनी लगाकर दी जानकारी



रविवार को जिले की 4 जनपद पंचायतों के 8 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान स्थानीय ग्रामीण जनों को केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही योजनाओं के प्रति जागरूक भी किया गया। इस दौरान योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी किया गया। साथ ही योजनाओं के संबंधित विभागों द्वारा विभागवार स्टाल एवं प्रदर्शनी भी लगाई गई। आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया गया।

# परिवहन कार्य में तेजी लाने एवं धान की सुरक्षा व्यवस्थाएं करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद ने रविवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में धान उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान खराब मौसम की वजह से हो रही असमय बारिश को देखते हुए अधिकारियों को परिवहन कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्रों में बारदानों की उपलब्धता और परिवहन कार्य में गति लाने के नजरिए से मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के लिए अपर कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर को निर्देशित किया। इस दौरान जिपं सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने पहले ही असमय हो रही बारिश के मद्देनजर धान की सुरक्षा हेतु खरीदी केंद्रों में तिरपाल आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दिया था। बैठक में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी और ट्रांसपोर्टर्स सहित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में बताया गया कि अब तक 35 हजार 450 किसानों से 3 लाख 21 हजार 932 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही उपार्जित धान का किसानों को अब तक 252 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है।

**व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत दिया जा रहा प्रशिक्षण**

# नाडेप टांका एवं जीवामृत खाद निर्माण व फसलों में उपयोग का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कम लागत तकनीकी के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्राचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक प्रीत नेगी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है

प्रशिक्षण के क्रम में नाडेप टांका द्वारा कम गोबर का उपयोग करके अधिक मात्रा में अच्छी खाद चार माह में 25 से 30 क्विंटल बनाने की जानकारी दी गई। खाद में सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं जैविक खाद बनाने के लिए 10 से 12 तहों मैं कचरा गोबर मिट्टी को भरने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। देसी गाय के 1 ग्राम गोबर में 300 से 500 करोड़ सूक्ष्म जीवाणु तथा गोमूत्र में 33 प्रकार के तत्व पाए जाते हैं। शीघ्र खादों के अंतर्गत मटका खाद जीवामृत खाद एवं घन जीवामृत को बनाने तथा फसलों में उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। जीवामृत खाद बनाने के लिए देसी गाय का 10 किलो गोबर 10 लीटर गोमूत्र 2 किलो गुड़ 2 किलो बेसन एवं 2 किलो मिट्टी तथा 200 लीटर पानी को एक ड्रम में घोलकर 5 से 7 दिन तक ढक कर छाया में रखकर दिन में दो बार डंडे से हिलाते हैं। 1 एकड़ की फसल में सिंचाई पानी के साथ जीवामृत खाद को खेत में बहा देते हैं। जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त होता है।

## विभागीय अधिकारियों पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

# बढ़ी हुई प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने पर आशा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



आशा कार्यकर्ताओं ने बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर को ज्ञापन सौंप कर बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आशा कार्यकर्ताओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि मे जनवरी 2022 से सात गतिविधियों में प्रोत्साहन राशि मे दोगुनी की वृद्धि करने का लिखित आदेश जारी कर दिया है किंतु बड़वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, बीसीएम,लेखापाल के द्वारा शासन के आदेश को ही झुठलाया जा रहा है, कहा जाता है ऐसा कोई भी आदेश प्रोत्साहन राशि में वृद्धि का नही है जो प्रोत्साहन राशि दी जा रही है उसे चुपचाप ले लो वरना यदि ज्यादा बात करोगी तो सेवा से निकाल दिया जाएगा।

शासन द्वारा जनवरी 2022 से आशा कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि मे बृद्धि की गई है किंतु बड़वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मनमानी के चलते आज दिनांक तक बढ़ी हुई प्रोत्साहन राशि का भुगतान आशा कार्यकर्ताओं को नही किया जा रहा जबकि स्वास्थ्य विभाग के सम्पूर्ण कार्य आशा कार्यकर्ताओं से ही करवाये जाते हैं।

### प्रताड़ित करने का आरोप

आशा कार्यकर्ताओं ने बड़वारा विधायक के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त करते कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा बीसीएम, सीएचओ, आशा पर्यवेक्षकों द्वारा हमसे कार्य तो सभी करवाये जाते हैं किंतु हमारा मासिक भुगतान पूरा नही दिया जाता है। बढ़ी हुई प्रोत्साहन राशि का डबल वाला भुगतान पत्रक भरवाया जाता है और भुगतान पुराने वाले पत्रक के आधार पर किया जाता है। भुगतान पत्रक के आधार पर जितनी राशि बनती है मैसेज उससे भी कम अर्थात आधी राशि का आता है जबकि मैसेज से भेजी गई राशि से भी आधी राशि आशा कार्यकर्ताओं के खाता में आती है।

### बनाया जा रहा दबाब

आशा कार्यकर्ताओ ने बताया कि उन पर एंड्रॉइड फोन से लॉगिन कर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है जबकि आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य सीएचओ,ग्राम रोजगार सहायक, एमपीडब्ल्यू का है फिर भी उन पर आयुष्मान कार्ड बनाने का दबाव बनाया जा रहा है जिस पर रोक लगवाई जाए। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनका मासिक भुगतान छः हजार रुपये एवम उनके द्वारा हर माह किये गए कार्य की प्रोत्साहन राशि दोगुनी बढ़ी हुई राशि के आधार पर दी जाए।

आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर बड़वारा बीएमओ डॉ अनिल झामनानी को भी शिकायत पत्र सौंपी है तथा निराकरण करबाने की मांग की हैं बड़वारा बीएमओ द्वारा किसी भी प्रकार का आश्वासन नही मिलने पर बड़वारा विधायक से अपनी व्यथा व्यक्त की हैं व निराकरण करबाने तथा बढ़ी हुई प्रोत्साहन राशि दिलवाए जाने की मांग की हैं।

### नहीं होने देंगे शोषण

विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आशा कार्यकर्ता भी हमारी लाडली बहना है बहनो के साथ अन्याय व शोषण नही होने दिया जाएगा। कोई भी अधिकारी व कर्मचारी किसी भी आशा कार्यकर्ता पर अनावश्यक दबाव बनाकर कार्य नहीं करवा सकेंगे। यह निश्चित करेंगे कि आशा कार्यकर्ता बहनों की बढ़ी हुई प्रोत्साहन राशि व मासिक मानदेय प्रत्येक माह निश्चित तारीख तक आशा बहनो को मिल जाये। किसी भी आशा कार्यकर्ता को सेवा से पृथक करने की धमकी अधिकारी नही दे सकेंगे वेवजह किसी भी आशा कार्यकर्ता को सेवा से निष्कासित नही किया जाएगा।

# व्यवस्थाओं की निगरानी हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**समिति स्तरीय खरीदी केन्द्र में अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व**

धान उपार्जन में परिवहन व्यवस्था और बारदाना उपलब्धता की सतत निगरानी हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर प्रत्येक समिति स्तरीय उपार्जन केंद्र में नोडल अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

### 14 नोडल अधिकारी तैनात

इस संबंध में रविवार को अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा जारी आदेश में 14 नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। नोडल अधिकारियों में तहसीलदार ,सहकारिता निरीक्षक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी और नायब तहसीलदार शामिल हैं।

### केंद्रों की वस्तुस्थिति का नियमित सौपेंगे प्रतिवेदन

नियुक्त सभी नोडल अधिकारी अपने- अपने , लिए आवंटित उपार्जन केंद्रों की वस्तुस्थिति के संबंध में नियमित तौर पर प्रतिवेदन सौंपेंगे और उपार्जन केंद्रों में शासकीय बारदानों में भंडारित धान स्टेकिंग, ऊंचे स्थान पर रखी जाकर सुरक्षित रूप से भंडारित करने उपार्जन केंद्रों में तौल हेतु शेष किसानों के मान से बारदाने की उपलब्धता और विक्रय हेतु आने वाली फसल की गुणवत्ता ,उपार्जन केंद्र में दैनिक रूप से परिवहन हेतु लगने वाले वाहनों की संख्या और वास्तविक किसानों की उपस्थिति संबंधी आवश्यक दस्तावेज यथा पंजीयन रसीद, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड आदि सभी का निरीक्षण करेंगे।

## खबर संक्षेप



### दुष्कर्म के फरार आरोपी को इंदौर से पकड़ा

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बिजराघवगढ़ के.पी. सिंह के सुपरविजन में, थाना प्रभारी बरही अरविंद चौबे द्वारा गत दिवस पांच माह से फरार चल रहे एक दुष्कृत्य के आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए बरही थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने बताया की धारा 376 के एक मामले में लगभग 05 माह से अधिक समय से फरार चल रहे आरोपी चंदन जायसवाल पिता शिवनंदन जायसवाल उम्र 27 वर्ष निवासी करौंदी, थाना बरही को पकड़ने में सफलता हासिल हुई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना स्तर पर टीम गठित कर इंदौर रवाना किया गया था। एस.आई.विनोद कान्त सिंह, प्रधान आरक्षक आकेश तिवारी एवं साइबर सेल से प्रधान आरक्षक प्रशांत ने बड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को इंदौर के भवरकुंआ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर थाना बरही लाया गया। उक्त आरोपी को गत 06 जनवरी 24 को न्यायालय पेश किया गया।

### चयन समिति एवं साक्षात्कार समिति की बैठक आज

**कटनी।** प्रोजेक्ट पंख अंतर्गत नवीन बैच प्रारंभ किये जाने हेतु प्रशिक्षणार्थियों के चयन हेतु चयन समिति एवं दस्तावेज सत्यापन समिति की बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत की अध्यक्षता में सोमवार 8 जनवरी को प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत कटनी में आयोजित की गई है। आयोजित बैठक में जिला रोजगार अधिकारी, उप संचालक, आदिम जाति विभाग, प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, शशांक जैन, व्याख्याता, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, वरिष्ठ प्रशिक्षक, ई-दक्ष केन्द्र कार्यालय ई-गवर्नेस सहित ठम्ब्स् प्रतिनिधि को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

### हादसे में वृद्धा की थमी सांसें, युवक घायल

**कटनी।** हादसें में एक वृद्धा की मौत हो गई है। हादसा बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरतला बाईपास में हुआ। जानकारी के अनुसार गुलाब बाई कोल पति मिठूलाल कोल 70 निवासी बदेरा जिला मैहर की हादसे से आई चोटों के कारण इलाज दौरान मौत हो गई है। इसी प्रकार बडवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत अजय सिंह मार्को पिता उदय सिंह 35 निवासी हरदुआ थाना ढीमरखेड़ा की हादसे से आई चोटों के कारण इलाज दौरान मौत हो गई है।

### महिला की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पार्वती विश्वकर्मा पति कन्हैया विश्वकर्मा 25 निवासी पठरा थाना बड़वारा की अज्ञात जहरीले पदार्थ खाने से इलाज दौरान मौत हो गई है।

धान उपार्जन कार्य की समीक्षा कर कलेक्टर ने कहा परिवहन में लाये तेजी

# धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने रविवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में धान उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान खराब मौसम की वजह से हो रही असमय बारिश को देखते हुए अधिकारियों को परिवहन कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने धान उपार्जन केंद्रों में बारदानों की उपलब्धता और परिवहन कार्य में गति लाने के नजरिए से मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के लिए अपर कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर को निर्देशित किया।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने पहले ही असमय हो रही बारिश के मद्देनजर धान की सुरक्षा हेतु खरीदी केंद्रों में तिरपाल आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दिया था। बैठक में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी और ट्रांसपोर्टर्स सहित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मौजूद रहे।



### 252 करोड़ का हुआ भुगतान

बैठक में बताया गया कि अब तक 35 हजार 450 किसानों से 3 लाख 21 हजार 932 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही उपार्जित धान का किसानों को अब तक 252 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है।

धान उपार्जन कार्य की रविवार की सुबह कलेक्ट्रेट कार्यालय में समीक्षा करने के तत्काल बाद कलेक्टर अवि प्रसाद ढीमरखेड़ा क्षेत्र के दौरे पर निकले।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने दशरमन खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने खुद खरीदी केंद्र में रखी धान का जायजा लिया , हाथ में लेकर धान को खुद देखा । खरीदी केंद्र में तिरपाल से धान की बेहतर सुरक्षा इंतजामों की वजह से कलेक्टर को यहां आकस्मिक निरीक्षण के दौरान धान बिल्कुल भी भींगी नहीं मिली। अलबत्ता वातावरण में मौजूद नमी और ढंक कर रखी होने की वजह से धान में कलेक्टर श्री प्रसाद को मामूली नमी ही,देखने को मिली। जो धूप खिलने की वजह से सूख जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और एस डी एम विंकी सिंहमारे उइके भी मौजूद रहे।

### धान की नमी की कराई जांच

कलेक्टर अवि प्रसाद ने ढीमरखेड़ा क्षेत्र के भ्रमण के अगले पड़ाव में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन केन्द्र कचनारी का निरीक्षण किया। यहां पर भी धान की सुरक्षा के बेहतर प्रबंधन की वजह से असमय बारिश के बाद भी धान नहीं भींगी।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने स्वयं अपने समक्ष माइस्चराइजर मीटर से धान में की नमी की मौजूदगी की जांच कराई। जो शासन द्वारा तय मानक के अनुरूप माइस्चराइजर मीटर में 17 से कम पाई गई।



## विज्ञान प्रदर्शनी का कलेक्टर ने किया अवलोकन, की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने रविवार को दिगंबर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे शिक्षा शोध समिति द्वारा यहां आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय अंतर्शालेय विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा वैज्ञानिक गतिविधियों का प्रदर्शन करने वाले रोचक और आधुनिक मॉडल का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान आधारित मॉडल तैयार करने के लिये छात्रों की हौसला अफजाई कर, उन्हे शाबाशी दी , छात्रों द्वारा निर्मित विज्ञान माडल की सराहना किया और उन्हें वैज्ञानिक सोच के लिये प्रेरित भी किया। विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने शानदार और ज्ञानवर्धक प्रोजेक्टों का विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शन किया।

कलेक्टर ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों को अपनी सोच निखारने का अवसर मिलता है। साथ ही एक-दूसरे स्कूलों के छात्र-छात्राओं से मिलने पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले विचारों का आदान- प्रदान होता है। जिससे उनका हौसला बढ़ता है और छात्रों में सीखने की ललक और लगन बढ़ती है। कलेक्टर ने छात्रों की विज्ञान के प्रति रूचि की सराहना की।

इस मौके पर शिक्षा शोध समिति के अध्यक्ष मुकेश चंदेरिया, सचिव वंदना गेलानी, कोषाध्यक्ष महावीर तोमर सहित शिक्षा शोध समिति परिवार की सदस्य शालिनी सोनी, अर्चना चंदेरिया, प्रिया श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति रही।

अंधेलीबाग ग्राउंड में खेली जा रही संतोष क्रिकेट ट्राफी

## सेमीफाइनल में डब्लूसीआर जबलपुर ने विंध्य की टीम को 7 रनों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान के अंधेलीबाग ग्राउंड में खेली जा रही संतोष क्रिकेट ट्राफी में रविवार को डब्लूसीआर जबलपुर और बाबा बर्फानी विंध्य टीम के बीच पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया। जिसमें रोमांचक मुकाबले में जबलपुर ने 7 रनों से मैच पर जीत दर्ज कर फायनल में जगह बना ली। विंध्य टीम ने टास जीतकर पहले जबलपुर टीम को बल्लेबाजी के लिए न्यौता दिया। जबलपुर ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 147 रनों का स्कोर खडा किया। जबलपुर की ओर से बल्लेबाज अरबाज ने सबसे अधिक 58 रन बनाए। जवाबी पारी में विंध्य टीम 20 ओवर में 140 रन ही बना सकी। जबलपुर की ओर से गेंदबाज कमल व शोएब ने 2-2 विकेट झटके।




वहीं गेंदबाज दिव्यांश व हर्षवर्धन को 1-1 विकेट की सफलता मिली।

इस दौरान बडी संख्या में उमरियापान सहित आसपास गाँव के खेल प्रेमियों की मौजूदगी रही। मैच में जबलपुर टीम के आलराउंडर खिलाडी अरबाज को मैन आफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विजय दुबे, राजेश ब्यौहार, गया चौरसिया, राजेश चौरसिया, दिनेश चौरसिया, प्रदीप चौरसिया, नीलू साहू, अध्यक्ष आशीष चौरसिया, हेमंत सामल, संदीप चौरसिया, नीतेश चौरसिया, गोल्डी, हनी चौरसिया उपस्थित रहे। स्पर्धा में आज 8 जनवरी को नागपुर और नागौद के बीच अंतिम सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा।

### उमरियापान में भजन कार्यक्रम 22 को

**उमरियापान।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर 22 जनवरी को उमरियापान स्थित कटरा बाजार प्रांगण में रात्रि 8 बजे से भजन कार्यकम किया जाएगा। इसमें ओम्स म्युजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुती दी जाएगी। आयोजन समिति ने बताया कि दोपहर 3 बजे से नगर में कलश यात्रा, कीर्तन रैली, शाम 6 बजे से 1100 दीप प्रज्वलन एवं प्रसाद वितरण कार्यकम भी होंगे। इस अवसर पर श्रृद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

### कलेक्टर ने बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण



कलेक्टर अवि प्रसाद ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सिंलौंड़ी का निरीक्षण किया और छात्राओं को परीक्षा के मद्देनजर पढ़ाई में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यहां की पुस्तकालय का भी अवलोकन किया और छात्राओं से शिक्षाप्रद कहानियां सुनीं। कलेक्टर ने यहां छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने स्वास्थ्य केंद्र सिलौंड़ी सहित उपार्जन केन्द्र नेगई का भी निरीक्षण कर सिलौंड़ी के बाला जी महाराज मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।



## नैनो डी.ए.पी. एवं यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से आमजन को अवगत कराने हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में रोजाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत किरहाई पिपिरिया में किया गया। इस दौरान ग्राम के किसान के खेत में स्थानीय एवं आसपास के ग्राम के सैकडों किसानों के समक्ष गेहूँ की फसल में ड्रोन से तरल उर्वरक नैनो डी.ए.पी एवं नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को ड्रोन पद्धति से तरल रासायनिक दवाओं के छिड़काव से होने वाले फायदे और समय की बचत को बताते हुये कृषि की आधुनिक तकनीकों को अपनाने की सलाह भी दी। गौरतलब है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों में शामिल ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरकों के छिड़काव का प्रदर्शन कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम के सरपंच सुमित कुमार एवं उपसरपंच उमेद यादव सहित सचिव की मौजूदगी रही। कृषकों द्वारा इस दौरान अपने अपने अनुभव भी दिए गए।

मौसम सामान्य होने तक कराई जाएगी व्यवस्था

## ठंड से बचाव के लिए 35 स्थानों पर ननि ने कराई अलाव की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर में बीते कुछ दिनों में ठंड ने अपना रौद्र रूप दिखाया है। रात के साथ-साथ दिन का तापमान भी तेजी से कम होने के कारण कड़कड़ाती हुई ठंड में लोग परेशान हैं। शहर वासियों की इस समस्या को देखते हुए अब नगर निगम के स्वस्थ विभाग ने महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं नगर निगम आयुक्त विनोद शुक्ला के मार्गदर्शन में दिन में भी अलाव की व्यवथा कराई है।

लोगों को ठंड से बचाने के लिए की गई अलाव की व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया की ठंड को देखते हुए नगर निगम के द्वारा रात के समय शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों,



चौराहों एवं सार्वजनिक केंद्रों में अलाव की व्यवस्था की जा रही है। लगभग 35 प्रमुख स्थलों पर प्रतिदिन अलाव की लड़कियां पहुंचाई जाती हैं। बीते दो-तीन दिनों से दिन का तापमान भी तेजी से नीचे आया है, जिसके कारण दिन के समय भी लोग ठंड से परेशान हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए अब नगर निगम के द्वारा रात के अलावा दिन में भी विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है।

उन्होंने कहा कि दिन के समय कुछ चिन्हित स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है, जहां पर लोगों के सर्वाधिक जमा होने की आशंका रहती है। इन स्थलों में से बस स्टैंड स्थित नगर निगम का आसरा केंद्र, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के साथ कुछ चिन्हित प्रमुख चौराहों पर लकड़ियां भिजवाई गई हैं। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि खुद को ठंड से बचाने का हर संभव प्रयास करें। वर्तमान स्थिति में ठंड के कारण साइलेंट अटैक के कई मामले सामने आ रहे हैं।

अत्यधिक ठंड होने के कारण रक्तस्त्राव धीमा पड़ जाता है। जिसके कारण स्वास्थ्य परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इन्हीं सब बातों को देखते हुए शहर वासियों के लिए अलाव की व्यवस्था दिन में भी कराई गई है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा जब तक दिन के तापमान में सुधार नहीं हो जाता तब दिन के समय भी अलाव की व्यवस्था कराई जाती रहेगी।

कलेक्टर ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

## फोटो निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक की। उन्होंने शनिवार 6 जनवरी से प्रारंभ हुए फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत की जा रही गतिविधियों के बारे में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को अवगत कराया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते एवं संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा भी मौजूद रहीं कलेक्टर श्री प्रसाद ने बताया कि जिले के सभी 1163 मतदान केंद्रों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। सभी राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील की गई।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया चलेगी। इस बीच जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है एवं जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वे ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। साथ



ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। दावे आपत्तियों का निराकरण 2 फरवरी को किया जायेगा एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जायेगा।

### 13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। विशेष शिविर के दौरान सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के घर जाएंगे और मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे। 2 फरवरी तक दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। 8 फरवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। नागरिक Voter Helpline App और voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही निर्वाचन संबंधी किसी भी जानकारी एवं सहायता के लिए मतदाता कार्यालयीन समय में टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं।

### कुल मतदाताओं की संख्या

कलेक्टर श्री प्रसाद ने बैठक में बताया कि मतदाताओं की जानकारी के प्रारूप प्रकाशन के बाद 6 जनवरी की स्थिति में जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर कुल 9 लाख 85 हजार 90 मतदाता है। जिसमें 5 लाख 3 हजार 837 पुरूष और 4 लाख 81 हजार 227 महिला एवं 26 अन्य मतदाता शामिल है। जिले का जेंडर रेशो 955.1 है। और सर्विस वोटर की संख्या कुल 696 है।

बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से बी.एल.ए की सूची प्रदाय किये जाने तथा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत अधिक से अधिक नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वानें के कार्य में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। इस दौरान राजनैतिक दलों के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी भाजपा से सुमित अग्रवाल, एवं दीपक तिवारी तथा कांग्रेस से रौनक खंडेलवाल सहित जिला अधिकारी डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, अनुविभागीय अधिकारी कटनी प्रदीप मिश्रा, बहोरीबंद राकेश चौरसिया,विजयराघवगढ महेश मंडलोई ढीमरखेडा विकीं सिंह उईके सहित अधिकारियों की मौजूदगी रही।

## हितग्राही मूलक योजनाओं की लोगों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जनहितैषी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु गांव- गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में रविवार को जिले की 4 जनपद पंचायतों के 8 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

आयोजन के दौरान स्थानीय ग्रामीण जनों को केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही योजनाओं के प्रति जागरूक भी किया गया। आयोजन के दौरान योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी किया गया। साथ ही योजनाओं के संबंधित विभागों द्वारा विभागवार स्टाल एवं प्रदर्शनी भी लगाई गई। आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया गया।

रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत पोंडी एवं सिंदुसरी, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत पोंडी खुर्द एवं पिपरिया शुक्ल, जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत केलवारा खुर्द एवं पौसरा, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत पड़वई एवं गैर तलाई में यात्रा पहुंची।

## खबर संक्षेप



### जैविक खेती नहीं अपनाई तो बंजर हो जाएगी जमीन

**गुनौर :** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जैविक खेती को बढ़ावा देने अभियान के तहत ग्राम बसोरा एवं नचनोरा मे दिनांक 7 जनवरी 2024 को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में बोलते हुए शिव शक्ति एग्रीटेक के वरिष्ठ कृषि अधिकारी बीपी यादव एवं वरिष्ठ कृषि अधिकारी विनोद द्विवेदी के द्वारा किसानों को जैविक खेती के बारे में जानकारी दी किसानों को संबोधित करते हुए यादव जी ने रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया भूमि से मित्र कीट धीरे-धीरे रासायनिक खाद डालने से नष्ट होते जा रहे हैं जिससे भूमि की उर्वरता शक्ति नष्ट होती जा रही है इसीलिए सभी किसान भाइयों को बताया कि जैविक खेती अपनाएं क्यों कि इसी से पर्यावरण संतुलित रह सकता है और पर्यावरण को बचाने के लिए सभी किसान भाई अपने खेतों में या खेत की मैड पर सागवान और महोगनी के पेड़ भी लगा सकते हैं जिससे आने वाले समय में बहुत अधिक लाभ होगा शिवाशक्ति एग्रीटेक के जैविक उत्पाद का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर ज्यादा लाभ कमा सकते हैं इस मौके पर कंपनी के कर्मचारी राजेंद्र सिंह परमार एवं शिव प्रसाद कुशवाहा किसान रघुवीर सिंह ब्रह्मानंद उपाध्याय कोमल सिंह आदि लोगों उपस्थित रहे

### अमानगंज में निकाला गया पथ संचलन



**अमानगंज।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाविद्यालयीन विद्यार्थी स्वयंसेवकों का आज परंपरागत पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नगर के सभी स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ और फिर इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्रवण जी द्वारा बौद्धिक विचार देते हुए बताया गया कि संघ की स्थापना राष्ट्रभक्ति के ध्येय को लेकर हुई थी डॉक्टर हेडगेवार जी के मार्गदर्शन में यह संघ आज सारे देश में मजबूती के साथ अपनी सनातन संस्कृति एवं हिंदू धर्म को लेकर चल रहा है। हम सबको इसी परंपरा को आगे बनाए रखना है और जो निर्देश और कर्तव्य हमें सौंपे गए हैं उसका पूरी सजगता के साथ हमें पालन करना है। इसके बाद शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से पथ संचलन आरंभ हुआ जो अस्पताल चौराहा, नया बस स्टैंड, मटकी चौराहा, आसमानी माता मंदिर से होते हुए गांधी चौराहा से होकर वापस शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम स्थल पर संचलन का समापन हुआ।

### पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह का भव्य स्वागत



**पन्ना।** पूर्व मंत्री पन्ना विधानसभा के विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह अजयगढ़ क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे जहां ग्रामीण क्षेत्र व अजयगढ़ नगर वासियों ने अपने लाडले विधायक का भव्य स्वागत किया। कहीं तुला दान तो कहीं माल्यार्पण वहीं यह स्वागत कर्म का फल परिणित हुआ है। विकास पुरूष की उपाधि के साथ बृजेन्द्र प्रताप सिंह की कार्यशैली विकास को लेकर जहां संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में प्रख्यात हो चुकी है जिसका परिणाम आज उन्हें अपनी कर्म भूमि में कर्म फल के रूप में लोग स्वागत के लिये इंतजार करते हुये उन्हें तुलादान व माल्यार्पण से करते हुये नजर आये। क्षेत्र के विकास को लेकर जहां जनहित को प्रमुखता से ध्यान में रखते हुये बड़े कार्यों की सौगात को लेकर संपूर्ण विधानसभा में जाने गये। आपके द्वारा किये गये कार्य जो सदैव जाने जायेंगे उसका प्रतिफल अपने चहेते जनप्रतिनिधि के रूप में कार्यकर्ता व आम जनता इन्हें सम्मान से नवाजती है।

## उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की भूमि पर था अतिक्रमण

# प्रशासन ने सख्ती से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग के बटियागढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम फतेहपुर मैं स्वीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने के लिए शासकीय भूमि आवंटित की गई थी लेकिन उक्त भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर खेती की जा रही थी जिसे तहसीलदार के निर्देश पर पुलिस की मौजूदगी में रविवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। फतेहपुर में मुख्य मार्ग के पास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन बनाये जाने की स्वीकृति मुख्य चिकित्सा अधिकारी दमोह दमोह द्वारा प्रदान की गई जिसे ग्राम पंचायत फतेहपुर द्वारा राजस्व विभाग की सर्वेक्षण संख्या क्रमांक 86/1 भू स्वामी शासकीय भूमि पर लगभग 5 एकड़ भूमि जो ग्राम फतेहपुर मुख्य मार्ग पर है जहां से बाजार बस स्टैंड पुलिस चौकी हाई स्कूल मंडी तहसील कार्यालय और बैंक के अलावा अन्य कार्यकाल नजदीक पड़ते हैं जहां उक्त भूमि पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था लेकिन उक्त भूमि पर ग्राम के ही रज्जू उर्फ राजेंद्र प्रजापति द्वारा कई वर्षों से आवास बनाकर खेती की जा रही थी जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत द्वारा तहसीलदार से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की गई थी जिसे रविवार को तहसीलदार बटियागढ़ की उपस्थिति में शक्ति से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान फतेहपुर सरपंच उद्देश अठया बटियागढ़ तहसीलदार एवं मगरोन थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



## हिण्डोरिया ने सलैया को संघर्ष पूर्ण मैच मे 3 रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई

### मैन आफ द मैच का खिताब सोहेब को मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

चण्डी क्रिकेट क्लब बलारपुर के तत्वाधान में टंकी के पास वाले मैदान में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में हिंडोरिया क्रिकेट टीम ने सलैया की टीम को संघर्ष से पूर्ण सेमीफाइनल मुकाबले में 3 रनों द से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई। जहां फाइनल में हिंडोरिया टीम का मुकाबला प्रतियोगिता की आयोजआयोजक बलारपुर टीम से होगा। कप्तानगंज हिंडोरिया क्रिकेट टीम के कप्तान सोहेब खान ने ताज जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में पांच विकेट खोकर 102 रन बनाए जिसमें अजय ने 25 रन, प्रमोद ने 20 रन, मोनू ने 17 , सोहेब 15 रन, सलामत पठान 16 रनों का बहुमूल्य योगदान दिया। जवाब में सलैया की टीम संघर्षपूर्ण मुकाबला करते हुए 98 रनों के योग पर आल आउट हो गई। हिण्डोरिया की ओर से रवि ने 3, इकबाल, सतीष, पप्पू ने 2-2 एवं बारिश खान ने एक विकेट लिया। मैंच मे उदय के व्दारा पकड़ा गया कैच बहुत काबिले तारीफ रहा। मैंच मे राजेन्द्र यादव, जितेंद्र यादव, दान सिंह , खन्ना यादव, जाबिर रमजान, भूरे, मुबीन, बडडू, सुल्तान , जीशान आदि की उपस्थिति एवं भूमिका सराहनीय रही। हिंडोरिया की किसी क्रिकेट टीम के पिछले 3 साल बाद फाइनल में पहुंचने पर नगर वासियों एवं खेल प्रेमियों ने भारी हर्ष व्यक्त किया है।

## घनश्याम पटेल ने बुंदेली लोकगीत राईनृत्य का दिया शानदार प्रदर्शन



**पथरिया।** राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2024 में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र संगठन मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 05 से 06 जनवरी 2024 तक भोपाल के आईईएस यूनिवर्सिटी भोपाल में राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2024 का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र दमोह के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद दमोह की नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति के अध्यक्ष घनश्याम पटेल व उनकी टीम द्वारा बुन्देली लोकगीत राई नृत्य का शानदार प्रदर्शन कर दमोह जिले का नेतृत्व किया। राज्य युवा उत्सव में प्रदेश के जिलों से सामूहिक लोकनृत्य, कविता लेखन, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला, पेंटिग, फोटोग्राफी आदि के प्रतिभागी शामिल हुए। बुंदेली लोकगीत से टीम लीडर मुख्य गायक घनश्याम पटेल, राजा सोनी, धर्मेन्द्र बंसल, विवेक जैन, पारो, हेमलता, मुकुल दुबे, बसंत पटेल, हेमन्त पटेल, सेवक प्रजापति, संदीप पटेल, दिनेश पटेल, जितेन्द्र सोर, अभिषेक साहू, सुरेन्द्र पटेल आदि शामिल हुए।

## संगीतमय अखंड रामायण पाठ का आयोजन



**बनवार।** भगवान श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे देश में भगवान श्री राम की भक्तिमय माहौल बना हुआ है। जहां-तहां विविध धार्मिक आयोजन के क्रम शुरू हो गए हैं। इसी कड़ी में जनपद जबेरा के स्मार्ट गांव बंधना में 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ का संगीतमय आयोजन किया जा रहा है। जिससे ग्राम का वातावरण भक्तिमय शांति सुखमय समृद्ध हो उठा है। दिनेश झरिया ने बताया ग्राम में 24 घंटे का संगीतमय श्री अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम के श्री राम भक्तों द्वारा भगवान श्री राम के चरित्र का संगीतमय गुणगान किया जा रहा है। अखंड रामायण पाठ के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी राम भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मण्डल अध्यक्षो की घोषणा

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष (सांसद) विष्णु दत्त शर्मा , प्रदेश महामंत्री (संगठन) हितानंद शर्मा जी, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी व भाजपा प्रदेश मंत्री प्रभुदयाल कुशवाहा एवं सनवर पटेल प्रदेश अध्यक्ष वक्फ बोर्ड भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एम.एजाज खान जी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष एड.सैयद साजिद रिजवी के द्वारा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ज़लि के समस्त मण्डल अध्यक्षो की घोषणा की गई जो निम्न अनुसार है । दमयंती नगर मंडल अध्यक्ष सलीम पठान, दीनदयाल मंडल मुबीन कुरैशी, अभाना मंडल जहीम खान, बांदकपुर मडल संजय जैन, बांसा मंडल आलोक सिंघई, जबेरा मंडल याकूब खान, नोहटा मंडल जहूर खान, तेजगढ़ मंडल अबरार खान, तेन्दूखेड़ा मंडल अब्दुल कलाम, तारादेही मंडल पीयूष जैन, बनबार मंडल अशरफ खान, पथरिया नगर मंडल अजीज खान, बटियागढ मंडल अहमद खान, फतेहपुर मंडल राजा खान, सदगुआँ मंडल अरमान खान, नरसिहगढ़ मंडल इकबाल खान, हिन्डोरिया मंडल नजीर खान, हटा नगर मंडल मुश्ताक खान, हटा ग्रामीण मण्डल अकबर खान, पटेरा मंडल जानी खान, मड़ियादो मंडल डॉ गफ्फार खान, कुम्हारी मंडल शहजाद खान है।

### अस्पताल में रक्तदान कर मनाएं जन्मदिन की खुशियां

## रक्तदान से बड़ी कोई मानव सेवा नहीं: शैलेश पटेल



**हटा।** आजकल युवा वर्ग अपने जन्मदिन पर घर व होटलों में आयोजन कर घर परिवार व दोस्तों के साथ खुशियां मानते हैं लेकिन हटा विकासखंड की युवा नेता जनपद सदस्य ताल गांव निवासी शैलेश पटेल ने अपने जन्मदिन की शुभ अवसर पर एक जरूरतमंद जिला अस्पताल में भर्ती मासूम बालक को रक्तदान कर खुशियां मनाई। शैलेश ने उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती ग्राम सिग्रामपुरा के बालक को ए नेगेटिव रक्त की तत्काल आवश्यकता थी जिसकी जानकारी लगते ही अपने जन्मदिन के आयोजन को छोड़कर मध्यरात्रि में ही दमोह अस्पताल पहुंचकर रक्तदान कर बालक के प्राण बचाने में सहयोगी कर रक्तदान कर जन्मदिन मनाया। शैलेश पटेल जी इस दौरान कहा कि किसी व्यक्ति के लिए दान देना भारतीय परंपरा का हमेशा से हिस्सा रहा है एवं रक्तदान भी एक ऐसा महादान एवं पुण्य कार्य है जो किसी अन्य व्यक्ति के प्राणों की रक्षा करता है एवं इससे बड़ी कोई मानव सेवा नहीं हो सकती है हम सभी को रक्तदान करना चाहिए तथा अपने परिचितों तथा आसपास के लोगों को इसके लाभों से अवगत कराकर रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए।

## मंदिर का चित्र और आग्रह पत्र सौंपकर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने का कर रहे आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा



रविवार को तेंदूखेड़ा नगर के वार्डो में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण लेकर घर घर पहुंचे विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य और श्रीराम भक्त हिंदू भाइयों एवं समाजसेवियों द्वारा घर घर अभियान चलाया जा रहा है। जहां अभियान के तहत नगर के हर वार्ड और मोहल्ला मोहल्ला व हर एक परिवार और घर में प्रत्येक हिन्दू परिवार तक जाकर अयोध्या के पूजित अक्षत प्रस्तावित राम मंदिर का चित्र और आग्रह पत्र सौंपकर हिन्दू समाज से 22 जनवरी को अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन अपने घर की साज सज्जा करने रंगोली बनाने एवं रात्रि के समय दीपमालिक जलाने का आग्रह कर रहे हैं। साथ ही अपने पास के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाईव देखने एवं रामधुन भजन कीर्तन इत्यादि करने का भी आग्रह कर रहे हैं। जहां सदस्यों में से एक पूजित अक्षत दूसरे ने श्रीराम मंदिर का चित्र एवं तीसरे सदस्य ने निमंत्रण पत्रक वितरण किया एवं निमंत्रण के विषय में जानकारी दी एवं जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। रविवार को तेन्दूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 10-11और 9 में निमंत्रण दिया श्रीराम भक्त भूपेंद्र सोनी लल्लू ने बताया कि 22 जनवरी की शाम सभी लोगों को कम से कम पांच दीपक घर के मंदिर में जलाना है। और अपनी इच्छानुसार राम नाम का 108 बार जाप करना है। भगवान श्रीराम की आरती करनी है और दीपोत्सव मनाना है । राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण एक जनवरी सोमवार से घर घर पहुंचा जा रहा है। इसके लिए अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों को हर एक परिवार के सदस्यों को दिया जा रहा है।

## असाटी युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




हटा के दद्दा कला मंच गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में अखिल भारतीय असाटी समाज महासभा के तत्वाधान में महापंचायत एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2024 का रविवार को भव्य आयोजन असाटी समाज हटा क्षेत्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने फतेहपुर वाले छोटे सरकार भी पधारें, जिन्होंने सभी को आर्शीवाद दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र असाटी बड़ामलहरा ने समाज को संगठित रखने एवं समाज के दूरदराज के लोगों को समाज से लगातार जोड़ने के लिए प्रेरित किया. पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक गुप्ता भोपाल,महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि असाटी जबलपुर,युवा अध्यक्ष अंकुर असाटी, महामंत्री विशाल असाटी बालाघाट और अखिल भारतीय असाटी वैश्य समाज महासभा के समस्त पदाधिकारी,टीकमगढ़, छतरपुर, बल्देवगढ़, बड़ागांव, सटई, बिजावर, अमानगंज, फुटेरा कला, बटियागढ़, दमोह,भरोला, भजिया, कटनी, उमरिया,सागर,भगवान, हीरापुर, बड़ा मलहरा, खुरई,नौगांव और भी जगह से पधारे समाज के अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष, पदाधिकारी समाज जन शामिल हुए. कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमरिया एवं हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक की उपस्थिति रही. समाज के पदाधिकारियों ने सकल असाटी समाज को पिछड़ा वर्ग में सामिल करने की मांग बाबाजी के समक्ष रखी. मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ चंपालाल असाटी द्वारा सफल कार्यक्रम के लिए हटा समिति को शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में हटा अध्यक्ष प्रीती जागेश्वर असाटी, एडवोकेट रमेश असाटी हटा,राहुल असाटी, मधुर असाटी, पंकज, अतुल, अंकित, सानिध्य, भूपेंद्र, गौरव एवं पूरे देश से पधारे समाज बंधुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## मासिक महाआरती में उमड़ा आस्था का सैलाब



**बनवार।** श्री शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में हर माह की तरह तहसील जबेरा की कृषि उपज मंडी जबेरा में मासिक महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो मां भक्तो की मौजूदगी में जयकारों के साथ मां एवं परम पूज्य योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी की आरती संपन्न हुई। इस दौरान चिंतनों का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश राय जी ने किया चिंतनों की प्रथम क्रम में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह राजपूत ने कहा कि जो लोग अनीति अन्याय अधर्म के मार्ग पर चल रहे हैं। उन लोगों को हम धर्म नीति से सदमार्ग में लाना चाहते है। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी महिला मोर्चा की ब्लाक अध्यक्ष मालती ठाकुर जी ने कहा कि हमारे श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने बरसों पहले ही भविष्यवाणी कर रखी थी कि आने वाले समय में धर्म की स्थापना होगी। जगह-जगह मंदिरों की स्थापना होगी आज वह भविष्यवाणी सत्य होती दिखाई दे रही है। क्योंकि अयोध्या में बने भव्य प्रभु श्री राम जी का मंदिर इसका सबसे बड़ा प्रमाण है । गुरुवर जी ने कहा है कि प्रभु श्री राम जी की मूर्ति स्थापना के दिन 22 जनवरी को दीपापाली के रूप में मनाए और घर-घर दीप जलाएंगे। भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह जी ने कहा कि आज समाज में निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा का कार्य कर रहा है तो वह है भगवती मानव कल्याण संगठन जिसने बिना लाभ हानि के हजारों परिवारों को नशें मांस से मुक्त कराकर साधना पथ से जोड़ दिया है। और उनका जीवन सुखमय मां की भक्ति मय हो गया है। आगामी 23 जनवरी को सिद्धाश्रम स्थापना दिवस है और इस दिवस को भव्यता से मनाने के लिए हम सभी को अधिक से अधिक 5 घंटे 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के आयोजन करवाते हुए भव्यता पूर्वक मानने का आवाहन किया है । किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मगन यादव जी ने कहा कि हमारे जीवन में कैसी भी विषम परिस्थिति आ जाए लेकिन हमें कभी धर्म पथ से विमुख नहीं होना है। अगर हम सभी धर्म के मार्ग पर चलते रहे तो निश्चित ही एक न एक दिन हम सफलता की ओर जरूर बढ़ेगें आखिर में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी युवा मोर्चा के प्रांतीय सचिव विनोद सिंह ने कहा कि अगर आपके परिवार, इष्ट मित्र कोई भी व्यक्ति नशें से ग्रसित है तो जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में होने वाले शक्ति चेतना जन जागरण शिविर दिनांक 10/11 फरवरी को अवश्य ले जाएं इस दो दिवसीय शिविर में रहने खाने पीने की निःशुल्क व्यवस्था रहती है। कार्यक्रम समापन अवसर सभी का आभार जबेरा सेक्टर प्रभारी प्रकाश सिंह के द्वारा व्यक्त किया।

## खंड चिकित्सा अधिकारी ने आवासीय प्रशिक्षण का लिया जायजा

गुनौर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति पन्ना के मार्गदर्शन में धरती ग्रामोत्थान एवं सहभागी ग्रामीण विकास समिति के सहयोग से राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत आशा, आशा सुपरवाइजर का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किशोरों में हो रहे शाशीरिक , मानसिक, भावनात्मक परिवर्तनों के प्रति जागरूकता के साथ साथ मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, सकल प्रजनन दर में कमी लाना है। साथ ही 6 विषयों पर प्रषिक्षण के साथ साथ साथिया चयन ,क्लस्टर बैठक एवं ब्रिगेड गठन को गुणवत्ता पूर्ण करने हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा। खण्ड चिकत्सा अधिकारी डॉक्टर अमित मिश्रा, बी पी एम रविन्द्र त्रिपाठी , बी सी एम संजय त्रिपाठी द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता का अवलोकन किया गया सभी प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया की सभी विषय को ध्यान से समझे व ग्राम स्तर पर साथिया किशोर एवं किशोरियों को जागरूक करें।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 08 जनवरी को दमोह विकासखण्ड के गुंजी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत गुंजी में प्रातः 9:30 बजे एवं ग्राम पंचायत नोनपानी में दोपहर 1:30 बजे से, बटियागढ़ विकासखण्ड के बटियागढ़ सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत तिन्दुआ में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत सैडारा में दोपहर 02 बजे से, पथरिया विकासखण्ड के बेलखेड़ी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत नंदरई में प्रातः 09 बजे से, हटा विकासखण्ड के देवरागढ़ी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरागड़ी में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत खमरियाकलार में दोपहर 02:30 बजे से, पटेरा विकासखण्ड के मझौली सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत मझौली में प्रातः 09 बजे एवं ग्राम पंचायत देवरी रतन में दोपहर 01:30 बजे से, तेंदूखेड़ा विकासखण्ड के तारादेही सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत सारसबगली में प्रातः 10 एवं ग्राम पंचायत खमरिया शिवलाल में अपरान्ह 03 बजे से तथा जबेरा विकासखण्ड के नोहटा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बीजाडोगरी में प्रातः 11 बजे एवं ग्राम पंचायत गूढा में दोपहर 02 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जायेगी।

### बिना टैक्स और फिटनेस के चल रही एक बस जप्त

**दमोह।** जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर मयंक अग्रवाल के निर्देशन में आज नो वाहनों के चालान कर 18000 रुपये वसूल किए गए और एक बस जप्त की गई है जो बिना टैक्स और फिटनेस के चल रही थी। उक्त कार्यवाही दमोह में जबलपुर मार्ग पर की गई। यह कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### सड़कों पर आवारा पशुओं से राहगीर परेशान

**पथरिया।** विगत दिनों से तापमान में गिरावट व कोहरे के कारण एक तो वैसे ही सड़कों आगे का नही दिखता और फिर ऐसे में आवारा पशुओं के सड़कों पर होने से दुर्घटना होने की संभावना रहती है लेकिन फिर भी शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नही दिया जाता।

### स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**दमोह।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में जिला आयुष अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल के निर्देशन एवं शिविर प्रभारी डॉक्टर बृजेश कुलपारिया के मार्गदर्शन में मानस भवन दमोह में पेंशनर्स समाज सम्मान समारोह एवं वार्षिक अधिवेशन का आयोजन गया। इस अवसर पर निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन कर उपस्थित पेंशनर्स का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उन्हें आयुर्वेदिक तथा होम्योपैथिक औषधियां प्रदान की गई। शिविर में उपस्थित डॉक्टर प्रियंका तरण एवं डॉ अनुपमा वर्मा द्वारा पेंशनर्स के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ ठंड से बचाव एवं आवश्यक आहार ग्रहण करने की सलाह दी गई। डॉक्टर दशरथ सिंह ठाकुर द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा का लाभ दिया गया साथ ही निःशुल्क मधुमेह परीक्षण कर दबा वितरित की गई। शिविर में पैरामेडिकल स्टाफ सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### दूसरे मामले में मिनी ट्रक मे हड्डिया लोड कर रहे आरोपियों पर कार्यवाही

# गौ तस्करों के विरूद्ध पुलिस सक्रिय सीसीटीवी से दो को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



शहर में गौकशी की बढ़ती बारदातो पर अंकुश लगाने हिन्दू संगठनों के लगातार दबाव के बीच कड़ाके की ठंड में कोतवाली पुलिस आखिर कार एक्शन मोड में आ गई है। एएसपी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस के साथ गौकशी पर अंकुश लगाने गठित स्पेशल टीम देर रात के बाद सुबह 4 बजे से कसाई मंडी क्षेत्र में सक्रियता दर्ज कराती सोशल मीडिया पर चर्चाओं में है। दमोह थाना कोतवाली पुलिस ने गायो को क्रूरता पूर्वक मारते हुये खदेडते हुये ले जा रहे आरोपियो के विरूद्ध गौवंश की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध करने के बाद गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। एसपी सुनील तिवारी द्वारा गौवंश संरक्षण एवं गौवंश वध रोकथाम हेतु लगातार दबिश एवं कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य थाना प्रभारी कोतवाली आनंद सिह द्वारा एएसपी एव सीएसपी के मार्गदर्शन में कार्यवाही की है। कोतवाली पुलिस को 4 जनवरी को शिकायत प्राप्त हुई थी कि 27 दिसंबर 23 को सुबह 4.30 बजे राधारमण मंदिर के पास कुछ व्यक्ति लाठी, तलवार एवं कट्टा लिये गायो को क्रूरता पूर्वक मारते हुये खदेडते हुये ले जा रहे थे। उक्त शिकायत जाँच के दौरान दमोह शहर के सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपियो की पहचान कर थाना कोतवाली में आरोपी आशिक पिता जहीर कुरैशी, बारिस पिता मुब्बू कुरैशी एवं 02 अन्य के विरूद्ध थाना कोतवाली मे अप.क्र. 10/24 धारा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं गौवंश वध की धाराओ के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त आरोपियो की शहर मे सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर लगातार तलाश कर आरोपी आशिक पिता जहीर कुरैशी से घटना में प्रयुक्त एक लोहे की तलवार व कारतूस जप्त कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। अन्य आरोपी की तलाश जारी है अन्य आरोपी मोहसिन और राजाबाबू के विरूद्ध दो दिन पूर्व ही आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक अधिनियम की कार्यवाही की गयी है जो आरोपी जेल में है अन्य आरोपी बारिश फरार है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों में निरीक्षक आनंद सिह, उनि. प्रदीप चौधरी, सउनि. रमाशंकर, मनीष यादव, गोबिन्द सिह, राजेन्द्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक कामता, सूर्यकांत, महेंश, संजय, आशिफ, भानू, आरक्षक दरवारी, नरेन्द्र, रामकुमार, आकाश, शुभम शामिल रहे।

### मिनी ट्रक मे हड्डिया लोड कर रहे लोगो पर कार्यवाही

**दमोह।** कोतवाली पुलिस की टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए कसाई मंडी के समीप नूरी नगर क्षेत्र में मिनी ट्रक में हड्डियों को लोड कर रहे लोगो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए ट्रक को जप्त किया है। टीआई कोतवाली आनन्द सिंह ने बताया कि नूरी नगर मे चांद बाबू कुरैशी के गोदाम पर मिनी ट्रक मे मालिक /ड्रायवर नौसाद अहमद पिता बहीद उम्र 45 वर्ष एवं चाँद बाबू कुरैशी पिता कुरैशी मवेशियो की हड्डिया लोड



करते पाये गये। जो हड्डियो से तीक्ष्ण दुर्गंध आ रही थी। जिससे आसपास आवासी क्षेत्र मे प्रदूषण फैल रहा था, लोगो को संक्रमण फैलने की संभवना होने से गोदाम के मालिक चाँद बाबू के पास कोई वैध अनुमति नही होना पाये जाने से उक्त ट्रक जप्त किया गया एवं उपरोक्त आरोपियो के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 269 ताहि. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। सराहनीय कार्य करने वालो में निरीक्षक आनंद सिह , उनि. चंदन सिह, योगेन्द्र गायकवाड, आरक्षक प्रताप, रवि शामिल रहे।वरिष्ठ थाना प्रभारी कोतवाली आंनद सिंह द्वारा मस्जिद कमेंटी के सदस्यों को स्लाटर हाऊस रूल्स 2001 और पशु क्रूरता अधिनियम के नियम बताये और बताया कि कल संभावित क्षेत्रों का मौका निरीक्षण किया जायेगा। यदि किसी भी प्रकार के अवैध स्लाटर हाऊस या हड्डी गौदाम पाये जाते है तो उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। जिस पर मस्जिद कमेटी द्वारा स्वंय स्लाटर हाऊस एवं हड्डी गौदाम आज ही तोड़ लिये ।

# संकल्प यात्रा में शामिल हुए मंत्री लखन पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

पशुपालन और डयेरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल पथरिया विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सींगोन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुये। उन्होंने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि जितने भी भारत सरकार की और मध्य प्रदेश सरकार की योजनाएं चल रही है, उन योजनाओं की एक तरीके से समीक्षा है, जिसमें यह देखा जा रहा है कि आप सभी लोगों को योजनाओं का कितना लाभ मिल रहा है और यदि कोई पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित है, तो शिविर में आवेदन दे सकता है, जिससे इसकी कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा यह सरकार अपने काम की समीक्षा जनता से कराती है, यह काम दफ्तर में बैठकर भी हो सकता है, लेकिन जनता के बीच में इसलिए आए की जनता की बात हम तक बड़े आराम से पहुंचे और यदि कोई काम रह गया हो तो उसको पूरा करने का काम सारे अधिकारी-कर्मचारी करेंगे। इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग दिल्ली से रोज हो रही है। उन्होंने कहा पथरिया विधानसभा में लगभग 65 हजार महिलाओं को लाड़ली बहन योजना का लाभ मिल रहा है। । उन्होंने बताया निजी मेडिकल कॉलेज में जो बच्चे पढ़ रहे हैं जिसकी फीस 15 लाख रुपए साल है, यह फीस कोई किसान या कर्मचारी नहीं भर सकता है लेकिन सरकार ने कहा है जो छात्र सरकारी स्कूल में 70 प्रतिशत नंबर लेकर आता है, यदि उसका मेडिकल कॉलेज में एडमिशन होगा तो उसकी सारी फीस सरकार भरेगी और पिछले 6 साल से सरकार जमा कर रही है। श्री पटेल ने कहा 6 साल में कितने डॉक्टर बन गए है जो कभी डॉक्टर बनने का सपना देखते थे। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री आपके साथ खड़े हैं, आप बच्चों को आगे बढ़ाये, उनको पढ़ने का मौका दीजिए और नशे से दूर रखिये, फिर देखिये आपका गांव स्वर्ग जैसा लगेगा। उन्होंने कहा जनता ने हमें अपना आशीर्वाद दिया है, अब 5 साल हमें आपका काम करना है, आपको तकलीफ आए उसको दूर करने का काम करना है। उन्होंने कहां मैं सभी का विधायक हूं, आप सब को जब भी मेरे लायक कोई काम हो, मुझे निःशंकोच होकर याद करें, मैं कोशिश करूंगा कि आपका काम कर सकूं, क्योंकि सरकार ने मुझे आपके आशीर्वाद से मंत्री बनाया है। मुझे ताकत मिली है वह आपकी सेवा करने के लिए मिली है और मैं ईमानदारी से आपका सहयोग करना चाहता हूं। इस अवसर पर ग्राम सींगोन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहुंचने पर ग्रामवासियों ने स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड सहित रोजगार मूलक स्वरोजगार योजनाओं आदि की जानकारी दी गई। शिविर में जनप्रतिनिधि गण अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### जागेश्वर नाथ महादेव के भक्ति गीत सोए मन को जगाए



**दमोह।** बांदकपुर धाम में विराजे स्वयंभू श्री जागेश्वर नाथ की महिमा पर भक्ति गीत सोए मन को जगाए हैं का पोस्टर विमोचन बुंदेलखंड सागर के वरिष्ठ रंगकर्मी व फिल्म अभिनेता गोविंद नामदेव के कर कमलो से संपन्न हुआ। गोविंद नामदेव के मुंबई स्थित गृह निवास पर ओम शिव शक्ति फिल्म्स इंटरनेशनल के निर्माता हरीश पटेल और सहयोगी बिरजू पाल इस अवसर पर उपस्थित रहे। गोविंद नामदेव ने भक्ति गीत की तारीफ करते हुए हरीश पटेल की सराहना की । उन्होने कहा कि बांदकपुर प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र है शिव की महिमा पर पहली बार कोई भक्ति गीत मुंबई से रिकॉर्ड हुआ है जो बेहद बेहद ही भावनात्मक है इस तरह के भक्ति गीत और भी बनते रहना चाहिए।

# राममय हुआ माला मानगढ़



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

अक्षत कलश यात्रा माला मानगढ़ में स्थित प्रसिद्ध हनुमान जी मंदिर पहुंचने पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष बच्चे युवा बुजुर्ग श्री राम भक्तों ने कलश यात्रा में भाग लिया। भगवान श्री राम के भजनों पर थिरकते हुए पूरे ग्राम की परिक्रमा की बच्चों युवाओं महिलाओं बुजुर्गों का जोश देखते ही बन रहा था जिसके चलते पूरे ग्राम में एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के नारों से गूंजता रहा। भगवा वस्त्र धारण माथे पर चंदन लगाएं। श्री राम भक्तों के हाथों में धर्म ध्वजा थी तो भक्तों की भजन टोलियां भगवान श्री राम के गुणगान करती हुई यात्रा में आगे बढ़ रही थी। जहां से यात्रा गुजर रही थी श्रद्धालुओं ने अपने घरों दुकानों के सामने खड़े होकर कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा की। वहीं आरती उतार कर आशीर्वाद भी लिया। अक्षत देकर श्री राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया। डॉ धन सिंह ने कहा आज का दिन सौभाग्यशाली होने के साथ-साथ गौरवशाली भी है सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने श्री राम पूजित अक्षत कलश यात्रा में भाग लेकर भगवान श्री राम के प्रति अपनी आस्था जताई है। आगामी 22 जनवरी को भी भव्य उत्सव मनाया जाएगा इस दिन घर घर मंदिर मंदिर दीपोत्सव के साथ देव दीपावली मनाई जाएगी। हम सभी भक्तों को काफी लंबे समय से इंतजार इस दिन का इंतजार था वह इंतजार अब खत्म होने जा है और हमारे भगवान श्री रामलला अयोध्या मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं जिसको लेकर अयोध्या से आए अक्षत कलश शोभा यात्रा में ग्राम वासियों ने खूब आस्था दिखाई। गांव की सड़कों गलियों में ऐसा सैलाब उमड़ा भक्ति का यह नजारा देखते ही बन रहा था। बुजुर्गों का यही कहना है भगवान श्री राम लाल जन्मभूमि अयोध्या जी मंदिर में भगवान श्री राम विराजमान होंगे। यह हमारे जीवन का सबसे गौरवशाली पल होगा श्रद्धालुओं की आस्था का इससे भी सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान पार्श्वनाथ का जन्म-तप कल्याणक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेरा

श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर द्वारा भगवान पार्श्वनाथ का 2900वां जन्म-तप कल्याणक धूमधाम से मनाया। श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। सभी सदस्यों पदाधिकारियों ने धोती दुपट्टा में पहुंचकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्याप्रशांत भवन जैन बड़े मंदिर में विधि विधान से श्री जी की स्थापना कर अभिषेक शांतिधारा पूजन किया गया। भगवान पार्श्वनाथ का 2900 वां जन्म तप कल्याणक महोत्सव एवं भगवान चंदाप्रभु का जन्म तप कल्याणक महोत्सव होने से उत्साह दोगुना हो गया। शांतिधारा करने वालों में स्वतंत्र सेठ परिवार, राजेंद्र बजाज, नमन बजाज, कविन बजाज परिवार रहे। छत्र महेश जैन ने चढ़ाया। चंवर निर्मल जैन ने चढ़ाये। सभी ने विधी विधान से पूजन किया। पूजन द्रव्य की व्यवस्था जितेन्द्र बड़कुल द्वारा की गई। मिष्ठान्न वितरण राजेंद्र राही कोषाध्यक्ष परिवार द्वारा की गई। पाठशाला के बच्चों ने पूजन मंक भाग लिया। उनके नाश्ते की व्यवस्था भी राजेंद्र राही द्वारा की गई। बालिका मंडल महिला मंडल की पदाधिकारी व सदस्य भी शामिल रहीं। भगवान को पलना में झुलाने होड़ लगी रही। सभी ने मिलकर भजन गाकर खुशियां मनाई। मिलन सदस्यों ने भगवान के जन्म तप कल्याणक की बधाई परस्पर एक-दूसरे को दी। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में शाखा अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज, मंत्री महेश जैन, स्वतंत्र सेठ, राजेंद्र बजाज, राजेंद्र राही, राजेश सेठ, श्रीकांत बड़कुल, मनोज सेठ, जितेंद्र बड़कुल, निर्मल सेठ,विनय कुमार संरक्षक, प्रशांत सेठ, वीरेंद्र सेठ, अमित जैन, बंटी मासाब, पंकज जैन, दिनेश कुमार, योगेश, पल्लू सेठ, शरद सेठ, सहित अनेक सदस्य व सजातीय बंधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।




# आभा ने बी.डी.एस. की डिग्री प्राप्त की



**दमोह।** दमोह के साधारण परिवार में जन्मी आभा तंतुवाय ने सर्व पल्ली डा. राधाकृष्णन यूनिवर्सिटी भोपाल से बी. डी.एस. की डिग्री प्राप्त कर जिले का नाम एवम परिवार का नाम रोशन कर गौरव प्राप्त किया है। आभा के पिता रामगोपाल तंतुवाय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में प्रयोगशाला तकनीक के पद पर एवं मां श्रीमती सुनीता तंतुवाय अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। ज्ञातव्य है रामगोपाल तंतुवाय की बड़ी बेटी ने 2 वर्ष पूर्व एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर दमोह जिले का नाम रोशन किया था। कोरी तंतुवाय समाज के पदाधिकारी दादा डी . पी.कठल , लखन तंतुवाय, शारदा प्रसाद कोरी, निर्भय कोरी, रमा कोरी, प्रेम तंतुवाय, वाई के कोरी, जनसंपर्क अधिकारी वाई ए कुरेशी, महाविद्यालय परिवार, शिक्षा जगत, कोरी समाज सहित अन्य मित्रो ने इन दोनो बेटियों की उपलब्धियों पर शुभकामनाएं दी है।

# खंडहर में नरकंकाल मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



पुलिस थाना क्षेत्र पथरिया का है जहां के पुराने मालखाने में एक नर कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी का माहौल बना हुआ है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह नर कंकाल कई वर्ष पुराना है तो वही पुलिस के अनुसार यह नर कंकाल कई बरसों पुराना एक मामले से जुड़ा हुआ है जिसका अभी निराकरण नहीं हो पाया हैं..

लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि आखिर यह नर कंकाल यहां ऐसी बदहाल स्थिति में इसे यहां पर खुले खंडहर जैसे पुराने मालखाने में छोड़ कैसे दिया गया जिस मालखाने में ना तो छप्पर है ना ही दरवाजे हैं एवं यह मालखाना किसी खंडहर से कम नहीं है बता दे की यहां पर जब्त की गई और भी कई अन्य सामग्रियां कबाड़ की तरह पड़ी हुई है, जिसमें बिजली के तार विस्फोटक सामग्री, जप्त किए गए राजश्री के पैकेट इत्यादि और भी कई प्रकार की सामग्री यहां पर पड़ी हुई है।

मामला सामने कुछ इस तरह से आया की इसी मालखाने के सामने एक ग्राउंड है जिस पर छोटे-छोटे बच्चे क्रिकेट खेलते रहते हैं और रविवार की दोपहर जब क्रिकेट खेलते समय उन बच्चों की गेंद इस मालखाने में चली गई तो गेंद निकलते हुए उन बच्चों की नजर इस नर कंकाल पर पड़ी, इसके बाद इस नर कंकाल के बारे में उन्होंने बाहर आकर चर्चा की.. जिसके बाद मीडिया कर्मियों ने यहां आकर इस नर कंकाल को देखा एवं पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। जैसा कि आप तस्वीरों मे साफ देख सकते हैं कि इस नर कंकाल की पूरी हड्डियां यहां पर डली हुई है पास में खोपड़ी भी डली हुई दिखाई दे रही है। उक्त नर कंकाल वर्ष 2012-13 के आसपास का हो सकता है जो पथरिया के ग्राम बरधारी में मिला था.. जिसका निराकरण अभी नहीं हो पाया है इससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि कही यह वही नर कंकाल तो नही है..थाना प्रभारी पथरिया रजनी शुक्ला का कहना है पुराने थाने की मालखाने में नर कंकाल दिखने का मामला सामने आया है जिसको पैक करवा के व्यवस्थित कर रखवा दिया जाएगा एवं खंडहर हो चुके मालखाने में दरवाजे लगवा दिए जाएंगे।